# पटवारी ने मांगा स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा

## सरकार पर लगाया आपराधिक लापरवाही का आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल,07 अक्टूबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला और छिंदवाड़ा में जहरीली व नकली कफ सिरप कोल्ड्रिफ पीने से मासूम बच्चों की मौतों के मामले में सरकार को आपराधिक लापरवाही का दोषी ठहराया.**

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पटवारी ने कहा कि यह घटना न केवल स्वास्थ्य विभाग की नाकामी है, बल्कि पूरे सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार का जिंदा सबूत है.

पटवारी ने बताया कि अब तक 17 मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है, जबकि कई बच्चे अब भी वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केवल मृतकों के परिजनों से मिलने गए, लेकिन जो बच्चे अभी जीवन के लिए जूझ रहे हैं, उनके लिए क्या ठोस कदम उठाए गए?



उन्होंने छिंदवाड़ा के कलेक्टर को हटाने के फैसले को जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश बताया. पटवारी ने कहा, अगर वही कलेक्टर बने रहते तो हालात पर जल्दी काबू पाया जा सकता था. यह कदम सरकार की नाकामी को छिपाने के लिए उठाया गया है.

### पटवारी का अधिकारियों को लेकर विवादित बयान

**भोपाल.** भोपाल में मंगलवार को आयोजित हुई कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अधिकारियों को लेकर एक विवादित बयान दिया है. पटवारी ने यहां संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को शासन व्यवस्था चलाने के लिए एक सर्विस बुक दी जाती है. उन्हें उसके हिसाब से शासन चलाना होता है. उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, जो जिलों में जाते हैं, वे भारतीय जनता पार्टी और सरकार का बाजा बजा रहे हैं.

कांग्रेस अध्यक्ष ने स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के इस्तीफे की मांग करते हुए आरोप लगाया कि उन्हें राजनीतिक कारणों से बचाया जा रहा है. उन्होंने कहा, शुक्ल मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं, इसलिए उन पर कार्रवाई नहीं की जा रही. जबकि निचले स्तर के अफसरों को बलि का बकरा बनाया जा रहा है. पटवारी ने दावा किया कि पहले भी स्रेसन फार्मास्यूटिकल्स की दवाओं से बच्चों की मौतें हो चुकी हैं, फिर भी उनकी बिक्री जारी है. उन्होंने कहा, फूड कंट्रोलरों को कमीशन मिलता है.

# खराब सोयाबीन की फसल का सर्वे विधायक ने खड़े होकर करवाया

**उमरिया, 07 अक्टूबर. मध्यप्रदेश के उमरिया जिले के करकेली जनपद अंतर्गत एक दर्जन से अधिक गांवों में भारी बारिश होने के कारण किसानों के खेतों की सोयाबीन की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसका सर्वे बांधवगढ़ विधायक शिवनारायण सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर कराया.**

विधायक सिंह ने बताया कि भारी बारिश होने के कारण बांधवगढ़ विधानसभा के करकेली जनपद के ग्राम जरहा,सकरवार, नरवार 29, गोपाल पुर, कटंगी ,महुरी, नयागांव, गहिराटोला सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के किसानों की सोयाबीन की फसल नष्ट हो गई है जिसका सर्वे अधिकारियों द्वारा किए जाते समय वे स्वयं उपस्थित थे. उन्होंने कहा कि एक एक किसान की 15- 15 एकड़ की फसल नष्ट हो गई है.

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार किसानों के साथ सदैव रही है ऐसी स्थिति में सर्वे उपरांत किसानों को नष्ट हुई सोयाबीन का उचित मुआवजा में उन्हें अवश्य मिलेगा इस दौरान पीड़ित किसान राजेश सिंह पवार ग्राम सकरवार, रघुनाथ सिंह जरहा,हजारी सिंह ग्राम गहिरा टोला ने अपनी 50 एकड़ से अधिक कृषि भूमि पर सोयाबीन की फसल के नुकसान की जानकारी देते हुए कहा कि सोयाबीन की फसल के नुकसान होने से उनकी वर्ष भर की स्थिति खराब हो गई है.

### एक नजर में

#### अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार

**भिण्ड.** मध्यप्रदेश की भिण्ड पुलिस की संयुक्त टीम ने एटीएम कार्ड बदलकर खातों से रुपए उड़ाने वाली एक अंतरराज्यीय ठगी गैंग का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने सायबर सेल और टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से बोलेरो कार, 54 एटीएम कार्ड और 1.63 लाख रुपए नकद बरामद किए गए हैं. पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह गैंग मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और राजस्थान के कई जिलों में सक्रिय थी और अब तक 40 से अधिक वारदातें कर चुकी है.

#### अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत

**उमरिया.** जिले में सोमवार को अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है. पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खिचकिड़ी निवासी देवशरण केवट (35) को करंट लगने पर गंभीर अवस्था में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है. इसी प्रकार जिले के चंदिया थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी सूजल रघुवंशी (5) ने खेल खेल में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई है. दोनों मामलों में सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर हादसों की जांच शुरू कर दी है.

# प्रभावित बच्चों का खर्च उठाएगी मप्र सरकार

**भोपाल, 07 अक्टूबर . मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कफ सिरप प्रकरण में किडनी संक्रमित बच्चों के उपचार के लिए पूरा व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा.**

छिंदवाड़ा और बैतूल जिले के बच्चों का उपचार नागपुर के चिकित्सा संस्थानों में हो रहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किडनी संक्रमण से प्रभावित बच्चों का अच्छे से अच्छा उपचार हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं. नागपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज सहित एम्स अस्पताल, कलर्स हॉस्पिटल, न्यू हेल्थ सिटी हॉस्पिटल और गेटवेल हॉस्पिटल में बच्चों का



इलाज जारी है. कलेक्टर छिंदवाड़ा और बैतूल द्वारा बच्चों के परिवारों से सतत संपर्क रखते हुए आवश्यक सहायता दी जा रही है. भोपाल से भी बच्चों के उपचार और स्वास्थ्य लाभ की नियमित जानकारी प्राप्त की जा रही है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 9 बच्चों के उपचार के लिए संपूर्ण राशि प्रभावित परिवारों को राशि उपलब्ध करवाने को कहा है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर कलेक्टर छिंदवाड़ा ने नागपुर में उपचार करवा रहे बच्चों की सहायता के लिए तीन दल गठित किए हैं. इन दलों में कार्यपालक मजिस्ट्रेट सहित एक विशेषज्ञ चिकित्सक को दायित्व दिया गया है. इन दलों द्वारा प्रभावित परिवारों से सतत संपर्क किया जा रहा है जिससे उपचार में किसी तरह की कोई समस्या न हो. कफ सिरप से प्रभावित कई बच्चों का नागपुर के अस्पतालों में उपचार चल रहा है.

### प्रतिबंधित सिरप लिखने पर डॉक्टर जाएंगे जेल

**इंदौर.** मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा की घटना के बाद इंदौर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है. कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई डॉक्टर प्रतिबंधित ड्रग्स वाले कफ सिरप लिखता पाया गया तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सीधे जेल भेजा जाएगा. कलेक्टर ने सीएमएचओ और फूड एंड ड्रग विभाग को आदेश दिए हैं कि दवा बाजार, मेडिकल स्टोर और शिशु रोग विशेषज्ञ अस्पतालों पर कड़ी निगरानी रखी जाए. प्रशासन की टीमें मंगलवार से पूरे शहर में जांच अभियान शुरू कर रही हैं. ड्रग इंस्पेक्टर लोकेश गुप्ता ने बताया कि सोमवार को सात डिपो का निरीक्षण किया गया, जहां प्रतिबंधित सिरप नहीं मिला. इस दौरान प्रतिबंधित सिरप ही नहीं, बल्कि उनसे मिलती-जुलती दवाओं की भी जांच की जाएगी.

# 'संगठन सृजन अभियान' किया शुरू

## महिला कांग्रेस की पहली कार्यकारिणी बैठक आयोजित

विशेष संवाददाता

**भोपाल,07 अक्टूबर. मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की पहली कार्यकारिणी बैठक बुधवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई. बैठक में प्रदेश प्रभारी सुनीता गावंडे, प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल और कार्यकारी अध्यक्ष नूरी खान विशेष रूप से उपस्थित रहीं.**



बैठक में महिला कांग्रेस को राज्यभर में सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'संगठन सृजन अभियान' की शुरुआत की गई. यह अभियान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है.

बैठक में तय किया गया कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस और प्रदेश महिला कांग्रेस संयुक्त रूप से पर्यवेक्षक नियुक्त करेंगे, जो सभी जिलों का दौरा कर स्थानीय महिला नेताओं से चर्चा करेंगे. इन चर्चाओं के आधार पर जिला अध्यक्ष पद के लिए पैनल तैयार किया जाएगा. सबसे सक्रिय और योग्य महिला को जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा. पूरी प्रक्रिया अक्टूबर अंत तक पूरी कर नवंबर के पहले सप्ताह में नए जिला अध्यक्षों की घोषणा की जाएगी.

# स्वास्थ्य मामलों में छोटे जिले बने रोल मॉडल

## छोटे जिलों के कलेक्टरों को प्रजेंटेशन देने का मिला मौका

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 अक्टूबर. प्रदेश में स्वास्थ्य के मामले में छोटे जिले बड़े जिलों के लिये रोल मॉडल बने हुए हैं. ये जिले स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े जिलों से बेहतर कर रहे हैं.**

इसी का नतीजा है कि मंगलवार को कलेक्टर-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के दौरान बड़े जिलों के बजाय छोटे जिलों के कलेक्टरों को प्रजेंटेशन देने और बड़े जिलों को सिखाने का मौका भी मिला. बालाघाट कलेक्टर ने जहां शिशु एवं मातृ मृत्यु दर नियंत्रण पर दूसरे जिलों को बताया कि उन्होंने किस तरह इसे नियंत्रित किया, वहीं आदिवासी बहुल जिला झाबुआ के कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार प्रयासों और मंदसौर ने सम्पूर्ण स्वास्थ्य मॉडल पर प्रेजेन्टेशन देते हुए अपने अनुभव साझा किए और दूसरे कलेक्टरों को बताया कि वे किस तरह काम करें. स्वास्थ्य एवं पोषण सेक्टर की अगुवाई प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव ने की. उन्होंने प्रजेंटेशन देकर सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी. वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक नई सुविधाए प्रारंभ की गई हैं.

### आयुष्मान कार्ड धारकों को पूरा लाभ

कलेक्टर्स स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करें और हॉस्पिटल में सतत् विजिट करें, जिससे हॉस्पिटल की कमियों को दूर किया जा सके. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स से कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों को पूरा लाभ दिलाएं और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच को आसान बनाया जाये, जिससे आमजन को सहज रूप से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न जिलों में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये जा रहे हैं. पीपीपी मॉडल पर भी अनेक कॉलेज प्रारंभ हुए हैं. वर्तमान में तीस से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं.

# किसानों की बढ़ी क्रय शक्ति : विजयवर्गीय

### 300 ट्रैक्टरों के साथ सैकड़ों किसान हुए शामिल

**इंदौर,07 अक्टूबर. सोयाबीन किसानों के समर्थन में मंगलवार को शहर की सड़कों पर निकली भावांतर धन्यवाद ट्रैक्टर रैली में सियासी ताप साफ नजर आया. भाजपा समर्थित इस रैली में 300 से अधिक ट्रैक्टरों के साथ सैकड़ों किसान शामिल हुए थे.**

दशहरा मैदान से शुरू हुई यह रैली महू नाका और केसरबाग रोड से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, रैली के चलते कई मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन किया था और कुछ देर के लिए यातायात बाधित भी रहा.



- कार कंपनियां भी किसान को मान रहीं ताकत
- भावांतर के समर्थन में निकली किसानों की ट्रैक्टर रैली

रैली के पूर्व दशहरा मैदान पर आयोजित सभा में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने किसानों की क्रय शक्ति बढ़ाई है. उन्होंने कहा, पहले नई कार लांच के समय उद्योगपतियों को बुलाया जाता था, अब कंपनियां किसान भाइयों के सामने गाड़ियां लांच करती हैं. यह बदलाव बताता है कि किसान अब आर्थिक रूप से मजबूत हुए हैं. मंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों के हित में काम कर रही है. जीएसटी घटने से बाइकों के दामों में 18 से 20 हजार रुपए की कमी आई है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा है, और उसी दिशा में भावांतर जैसी योजनाएं बनाई गई हैं.

विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता झूठ फैला रहे हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी किसानों को गुमराह कर रहे हैं, जबकि सच्चाई यह है कि भावांतर योजना से किसानों को वास्तविक लाभ मिल रहा है. हमारी सरकार किसानों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर लोन देती है और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखती है. भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा कि रैली किसानों ने अपने स्तर पर आयोजित की थी, भाजपा ने सिर्फ इसका समर्थन किया और मार्ग में किसानों का स्वागत किया.

# अक्टूबर में भी सक्रिय है मानसून

## कई जिलों में बारिश के आसार और चलेंगी तेज हवाएं

**भोपाल, 07 अक्टूबर. प्रदेश में मानसून सीजन अपने अंतिम दौर में है, लेकिन अक्टूबर के पहले सप्ताह के बाद भी बारिश और आंधी का सिलसिला जारी है. भोपाल सहित कई जिलों में मंगलवार को कहीं बादल तो कहीं धूप-छांव का मौसम देखने को मिला.**



मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटों में भी कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना बनी हुई है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 07 अक्टूबर 2025 की सुबह 08.30 बजे तक पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रुक-रुककर बारिश हुई. सिवनी जिले में भारी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि अन्य कई जिलों में आंधी और हल्की से मध्यम बारिश की सूचना है. प्रदेश के जिन जिलों में वर्षा या आंधी दर्ज की गई है, उनमें भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, आगर, मंदसौर, रतलाम, धार, अलीराजपुर, बड़वानी, छिंदवाड़ा, पांढुर्ना, सिवनी, मंडला, बालाघाट, डिंडोरी, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, सतना, मैहर, सागर, दमोह, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर शामिल हैं.

### कई स्थानों पर चलीं तेज हवाएं

मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी मध्य प्रदेश में शिवपुरी और गुना में 41 किमी प्रति घंटा, शाजापुर में 31 किमी प्रति घंटा तथा सीहोर में 30 किमी प्रति घंटा की गति से हवाएं चलीं. वहीं पूर्वी मध्य प्रदेश के सागर में 41 किमी प्रति घंटा और चित्रकूट में 31 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं दर्ज की गईं.

# शांति-सुरक्षा का वातावरण बनाए पुलिस

## डीजीपी मकवाणा ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**भोपाल, 07 अक्टूबर. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवीन कांफ्रेंस हॉल में समीक्षा बैठक ली. बैठक में प्रदेश के सभी जोनल आईजी, डीआईजी, एसपी और विभिन्न शाखाओं के प्रमुख अधिकारी शामिल रहे.**

बैठक का उद्देश्य प्रदेश की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, स्टाफ प्रबंधन और प्रशासनिक सुधारों की विस्तृत समीक्षा करना था. लंबे समय बाद इस स्तर की विस्तृत भौतिक समीक्षा बैठक आयोजित होने से संगठित नीति निर्धारण और कार्यप्रणाली में सुधार संभावित है.



बैठक में डीजीपी कैलाश मकवाणा ने कहा कि पुलिस संगठन की कार्यशैली में निरंतर सुधार एवं अपग्रेडेशन समय की आवश्यकता है. उन्होंने यह स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस की जिम्मेदारी समाज में शांति, विश्वास और सुरक्षा का वातावरण बनाए रखना भी है. उन्होंने वीवीआईपी कार्यक्रमों के दौरान पूर्ण सतर्कता बनाए रखने, संवेदनशील मामलों में तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई करने तथा साइबर अपराध, नक्सल गतिविधियों और नशीले पदार्थों के नेटवर्क के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने पर विशेष बल दिया। उनका कहना था कि इन क्षेत्रों में योजनाबद्ध और लक्षित रणनीति अपनाई जाए, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके.

### जन्म के बाद नवजात बच्ची को खाली प्लॉट में फेंका

**भिंड.** शहर में जन्म के कुछ घंटे बाद ही एक मासूम नवजात बच्ची को कपड़ों में लपेटकर खाली प्लॉट में फेंकने का मामला सामने आया है.


### नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MUNAUVAR ALEE था। जो मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर MUNOWAR ALI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम MUNOWAR ALI S/O MOHAMMAD MUSTAFA से जाना/ पहचाना जाए। ADDRESS : WARD NO.02,NEAR KIRTI KRANTI PRESS, LAKHAURIBAG, REWA, MADHYA PRADESHPRADESH


बैठक | कलेक्टर्स- कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के पहले सत्र में कलेक्टरों को मैनेजमेंट की नसीहत

# कृषि सेक्टर्स की चर्चा में छाया खाद का मुद्दा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 7 अक्टूबर. कलेक्टर्स-कमिश्नर्स कॉन्फ्रेंस के पहला सत्र कृषि व संबद्ध सेक्टर्स के नाम रहा. इस सेक्टर्स पर चर्चा की अगुवाई कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने की.**

उन्होंने एक-एक कर कृषि और उससे जुड़े विषयों को लेकर मैदानी अफसरों को प्राथमिकताएं गिनाईं. इस दौरान उन्होंने रबी 2025-26 के लिए उर्वरक व्यवस्था पर भी चर्चा की और सरकार का पक्ष रखा. उन्होंने कहा कि ये देखने में आया कि इस खरीफ सीजन के दौरान खाद की उतनी कमी नहीं थी, जितना की पैनिक क्रियेट किया गया. यदि कलेक्टर वितरण की सही व्यवस्था बनाते तो किसानों को परेशानी का सामना



नहीं करना पड़ता. इससे कलेक्टर सबक लें और आने वाले रबी सीजन के लिये अभी से खाद वितरण की सही व्यवस्था बनाएं, जिससे कि पैनिक सिचुएशन नहीं बने. वर्णवाल ने एक-एक कर तय बिंदुओं की जानकारी अफसरों को दी और इस पर कैसे अमल करना है, इसकी भी जानकारी दी. इस सत्र में प्राकृतिक खेती के प्रचार, जलवायु अनुकूल फसलों, उद्यानिकी फसलों के उत्पादन, उत्पादकता केंद्रित क्लस्टर, सूक्ष्म सिंचाई, मत्स्य पालन के लिए केज कल्चर और सेलेक्टिव ब्रीडिंग, फसल अवशेष प्रबंधन, खाद एवं बीज व्यवस्था, सोयाबीन के लिए भावांतर भुगतान योजना, दुग्ध उत्पादन और गौशाला प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया. कृषि उत्पादन आयुक्त वर्णवाल ने फसल अवशेष प्रबंधन (पराली निष्पादन नियंत्रण) को सरकार की विशेष प्राथमिकता बताते हुए इस प्रयोजन के लिए कलेक्टर्स को गांव-गांव कृषक संगोष्ठियों के आयोजन और हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं बेलर जैसे उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने को कहा।

### पांच कलेक्टरों ने दिया प्रजेंटेशन

सत्र में प्रदेश के 5 जिलों के कलेक्टर्स ने अपने-अपने जिलों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को लेकर प्रजेंटेशन दिया. गुना कलेक्टर ने गुलाब क्लस्टर डेवलपमेंट के बारे में बताया. हरदा कलेक्टर ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के प्रोत्साहन किए गए प्रयासों की जानकारी दी. शाजापुर कलेक्टर ने खाद वितरण के लिए टोकन प्रणाली विकसित करने के बारे में बताया. श्योपुर कलेक्टर ने पराली निष्पादन नियंत्रण की बेहतर व्यवस्था की जानकारी दी. खंडवा कलेक्टर ने जिले में सफलतापूर्वक गौशाला संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी. कॉन्फ्रेंस के पहले सत्र के अंत में जिलों के कलेक्टर्स एवं कमिश्नर्स ने प्रदेश की कृषि उत्पादन नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी दिए.

### भोपाल में स्वच्छता के लिए अभियान शुरू

**भोपाल, 07 अक्टूबर.** मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल में स्वच्छता के लिए विशेष अभियान 5.0 संचालित किया जा रहा है. यह अभियान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगा. अभियान का उद्देश्य रेल परिसरों में स्वच्छता को सुदृढ़ करना, जन शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना और प्रशासनिक दक्षता में सुधार लाना है. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत मंडल के सभी स्टेशनों, कार्यालयों और कार्यस्थलों पर स्वच्छता, ई-कचरा प्रबंधन, स्क्रैप निपटान, स्थान के अधिकतम उपयोग और ई-फाइल समीक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.


### कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला- रीवा (म.प्र.)

**// निविदा सूचना//**

क्रमांक 836 / ई-टेंडर/राजस्व/न.पा.नि./2025 — रीवा, दिनांक 06-10-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत स्थित रानी तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिए ठेके पर किए जाने बावत ऑन लाईन निविदायें लम्प-सम दर पर आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी ईच्छुक व्यक्ति/निविदाकार/फर्म ऑन लाईन ई-टेण्डरिंग पोर्टल www.mptenders.gov.in में निर्धारित पोर्टल शुल्क, निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि ऑनलाईन जमा कर निविदा में भाग ले सकता है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा ह्ढ्डुझ क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_456207_1 (First Call) 836 / 06.10.2025 | नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत स्थित रानी तालाब के संरक्षण एवं प्रबंधन का कार्य 35 माह के लिये ठेके पर किए जाने बावत। | 35 माह रु. 40,71000/- | रु.5000/- रु. 4,07,100/- | 24.10. 2025 18.00 बजे तक । |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**सहायक आयुक्त वित्त**
**नगर पालिक निगम**
**रीवा ( म.प्र. )**